**प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 18.05.2023**

## प्रेस नोट ट्रांस हिंडन जोन, पुलिस कमिशनरेट गाजियाबाद

दिनांक 18.05.2023 को सुबह 05.00 बजे से 07.00 बजे तक ट्रांस हिंडन जोन मे विगत 05 वर्ष मे लूट की घटनाओ को कारित करने वाले अभियुक्तो के भौतिक सत्यापन कर उनकी वर्तमान स्थिति जानने एंव उनके क्रियाकलापो पर नजर रखने के उद्देश्य से एक अभियान चलाया गया ।

**अभियान के दौरान निम्नवत कार्यवाही की गई-**

| **थाना** | **भौतिक रुप से सत्यापित किये गये अभियुक्तो की संख्या** |
|---|---|
| इंदिरापुरम | 34 |
| कौशाम्बी | 29 |
| साहिबाबाद | 133 |
| टीला मोड | 21 |
| खोडा | 52 |
| लिंक रोड | 39 |
| शालीमार गार्डन | 09 |
| **कुल** | **317** |

**अभियान के दौरान ट्रांस हिंडन जोन मे विगत 05 वर्ष मे लूट की घटना करने वाले कुल 317 अभियुक्तो का भौतिक सत्यपान करते हुए उनकी वर्तमान स्थिति के बारे मे जानकारी की गई ।**

**पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद को थाना लोनी एवं थाना ट्रोनिक सिटी क्षेत्र से पृथक कर मिला नया थाना अंकुर विहार, दिनांक 19/20.05.2023 रात्रि समय 00:00 बजे से होगा क्रियाशील**

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा शान्ति व्यवस्था को सुदृढ करने तथा अपराधों पर और अधिक प्रभावी तरीके से अंकुश लगाये जाने व महिलाओं/जनसामान्य को और अधिक सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में प्रस्तावित अंकुर विहार थाने को स्वीकृत करने का आदेश पारित किया गया है। नवसृजित थाना अंकुर विहार दिनांक 19/20.05.2023 रात्रि समय 00:00 बजे से क्रियाशील होगा। थाना लोनी एवं थाना ट्रोनिक सिटी क्षेत्र से पृथक कर नवीन थाना अंकुर विहार बनाया गया है, जिसके अन्तर्गत आने वाले मौहल्लों का विवरण निम्नवत है-

| **मौहल्लों के नाम** | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **चौकी डीएलएफ** | | 20 | गंगा विहार | 39 | रामेश्वर पार्क ब्लॉक ई | 58 | संगम विहार |
| 1 | एसएलएफ वेद विहार | 21 | गंगा विहार इन्कलेव | 40 | कच्चा रामेश्वर पार्क | 59 | बुद्ध नगर |
| 2 | मनीष विहार | 22 | सोनू विहार | 41 | आराम पार्क | 60 | नसबन्दी कालोनी |
| 3 | रंजीत विहार | 23 | रानी बाग | 42 | लक्ष्मी इन्कलेव | 61 | अहमद नगर |
| 4 | राम विहार | 24 | सिद्धार्थ विहार | 43 | बैंक विहार | 62 | नवादा |
| 5 | मिलक गुजरान | 25 | सुन्दर विहार | 44 | त्यागी मार्केट | 63 | सन्त नगर |
| 6 | पुष्प विहार | 26 | राहुल विहार | 45 | खन्ना नगर | 64 | जब्बार गार्डन |
| 7 | सीता विहार | 27 | लक्ष्मी इन्कलेव | 46 | रामेश्वर पार्क ब्लॉक ए | 65 | अंकुर इन्कलेव |
| 8 | मॉर्डन विहार | 28 | हयात इन्कलेव | 47 | रामेश्वर पार्क ब्लॉक बी | 66 | अल्वी नगर |
| 9 | वेलकम सिटी | 29 | कृष्णा विहार | 48 | रामेश्वर पार्क ब्लॉक सी | 67 | राहत इन्कलेव |
| 10 | प्रेम विहार - 1 | 30 | रेल विहार | 49 | मलिक नगर | **चौकी विजय विहार** | |
| 11 | प्रेम विहार - 2 | 31 | प्रीत विहार | **चौकी डाबर तालाब** | | 68 | इनाम विहार |
| 12 | प्रेम विहार - 3 | 32 | खुशहाल विहार | 50 | ग्राम मिलक चामरान | 69 | उत्तर विहार |
| 13 | शरद सिटी | 33 | पीएन विहार | 51 | सादुल्लाबाद | 70 | सभापुर विस्तार |
| 14 | अंकुर विहार | 34 | रूबी इन्कलेव | 52 | डाबर तालाब | 71 | काका विहार कालोनी |
| 15 | शंकर विहार | **चौकी खन्ना नगर** | | 53 | विकास नगर | 72 | विजय विहार |
| 16 | न्यू आनन्द विहार | 35 | ग्राम गढी कटर्टया | 54 | सालेह नगर | 73 | सरला विहार |
| 17 | अंजली विहार | 36 | नगर पालिका | 55 | कमल विहार | 74 | हुसैन विहार |
| 18 | अंसार विहार | 37 | तहसील | 56 | विजय विहार | 75 | चमन विहार |
| 19 | आकाश विहार | 38 | रामेश्वर पार्क ब्लॉक डी | 57 | कच्चा बलराम नगर | 76 | निर्मल विहार |

**पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद को मिला नया सर्किल शालीमार गार्डन, दिनांक 19/20.05.2023 रात्रि समय 00:00 बजे से होगा क्रियाशील**

उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय द्वारा पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में वैकल्पिक व्यवस्था के अन्तर्गत प्रस्तावित ट्रांस हिण्डन जोन (जोन-2) के अन्तर्गत नवीन सर्किल शालीमार गार्डन को अस्थायी रूप से क्रियाशील करने की अनुमति प्रदान की गयी है। नवसृजित सर्किल शालीमार गार्डन, शालीमार गार्डन के थाना टीलामोड की चौकी तुलसी निकेतन के परिसर में दिनांक 19/20-05-2023 रात्रि समय 00:00 बजे से क्रियाशील होगी, जिसके अन्तर्गत थाना शालीमार गार्डन व थाना टीलामोड का पर्यवेक्षण सहायक पुलिस आयुक्त शालीमार गार्डन द्वारा किया जायेगा।

**पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस टीम द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 18.05.2023 को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद टीम द्वारा थाना विजयनगर पर पंजीकृत गैंगस्टर एक्ट में फरार चल रहे वांछित अभियुक्त **अजय पुत्र देशराज निवासी गंजा मौहल्ला जोनापुर थाना फतेहपुरी बेरी साऊथ दिल्ली उम्र 31 वर्ष** को लोकल इनपुट व मुखबिर की सूचना के आधार पर **बाईपास टी पांइट विजयनगर** से किया गिरफ्तार।

**पूछताछ का विवरणः-**

गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि साहब हमारा एक संगठित गिरोह है जिसमे पवन गौड व कृशन उर्फ किशन यादव मेरे साथी है हम लोग भोले भाले व्यक्तियो को प्लाट व फ्लैट पर कब्जा दिलाने के बहाने धोखाधडी करके उनसे लाखो रूपये ले लेते है तथा जब भी लोग अपने प्लाट पर कब्जा मांगते है हम उन्हे कब्जा नही देते उनके पैसे हडप जाते है तथा जो भी पैसा मिलता है उसे हम आपस में बांट लेते है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता :-**

**अजय पुत्र देशराज निवासी गंजा मौहल्ला जोनापुर थाना फतेहपुरी बेरी साऊथ दिल्ली उम्र 31 वर्ष**

**अपराधिक इतिहास अभियुक्त**

अभियुक्त अजय के विरुद्ध थाना विजयनगर, गाजियाबाद पर 02 मुकदमे धोखाधड़ी व 01 मुकदमा गैंगस्टर एक्ट का पंजीकृत है

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

थाना विजयनगर पुलिस टीम।

# प्रेस नोट

जनसंवाद पहल के द्वारा क्षेत्र के लोगों से प्राप्त फीडबैक द्वारा अनाधिकृत अतिक्रमण एक मुख्य समस्या निकल कर आयी। इस अतिक्रमण की समस्या को समाप्त करने हेतु द्वि-स्तरीय योजना तैयार की गयी है, जिसमें अतिक्रमण प्रभावी क्षेत्रों में सबसे पहले सड़क पर फैलते अतिक्रमण को हटाया जायेगा एवं उसके बाद फुटपाथ इत्यादि पर हुए अतिक्रमण को नगर निगम/गाजियाबाद विकास प्राधिकरण(जीडीए) तथा पुलिस की संयुक्त टीमों द्वारा कार्यवाही कर हटाने की योजना बनायी गयी है।

अतिक्रमण के विरूद्ध यह कार्यवाही आज दिनांक 18.05.2023 को थाना इन्दिरापुरम के न्यायखण्ड-3 क्षेत्र से प्रारम्भ की गयी है। इस अभियान के दौरान सड़क पर बढ़ते अतिक्रमण को हटवाया गया तथा भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न हो, इस हेतु विधिक नोटिस भी प्रदान किया गया।

Before-

After










